संख्या-114/2015/2965/14-1-2015-19/2013

प्रेषक,

प्रमुख सचिव,
वन विभाग
उत्तर प्रदेशा शासन।

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

वन अनुभाग-1 लखनऊ, दिनांक 18 नवम्बर, 2015

विषय:- भारतीय वन सेवा, उ0प्र0 संवर्ग के विभिन्न वेतनमानों में राज्य प्रतिनियुक्ति के पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतीय वन सेवा (कैडर) नियमावली, 1966 के प्रस्तर-4(2) में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत मा0 राज्यपाल भारतीय वन सेवा उ0प्र0 संवर्ग में राज्य प्रतिनियुक्ति रिजर्व के 02 अस्थायी पदों का सृजन की निम्न तालिका में उल्लिखित विवरण/वेतनमान के अनुसार सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र0 सं0	पद का नाम	पदों की संख्या	वेतनमान	अभ्युक्ति
1.	अ- अपर प्रमुख वन संरक्षक 1- अपर प्रबन्ध निदेशक, सर्टिफिकेशन, उ0प्र0 वन निगम	01	रू0 67,000 (वार्षिक वेतन वृद्धि 3 प्रतिशत की दर से) 79,000	वन निगम के विभिन्न उत्पादों के प्रमाणीकरण व बाजारों में प्रमाणीकृत वन उत्पाद के विक्रय हेतु नये पद का सृजन।
2	ब- मुख्य वन संरक्षक 1- महा प्रबन्धक, बरेली उ0प्र0 वन निगम	01	पे बैण्ड-4 रू0 37,400-67,000 ग्रेड पे रू0 10,000/-	बरेली परिक्षेत्र में प्रकाष्ठ व अन्य वन उपज के विदोहन व इसके प्रबन्धन हेतु नये पद का सृजन।
	योग	02		

2- उपर्युक्त पदों के धारको को उनके संगत वेतनमानों में शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अन्तर्गत महंगाई भत्ता व अन्य भत्ते, जो अनुमन्य हो, देय होंगे।

3- उपर्युक्त पद के उपयोग में लाये जाने की तिथि से अथवा इन आदेशों के जारी होने की तिथि, जो भी बाद में हो, से उनके सम्मुख वेतनमान में दिनांक 29.02.2016 तक के लिए इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान की जाती है कि ये उक्त पद निदिष्टि तिथि के पूर्व भी बिना किसी सूचना के समाप्त किये जा सकते हैं।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या:-ई-7-942/दस-15, दिनांक 16 नवम्बर, 2015. में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(संजीव सरन)
प्रमुख सचिव।

संख्या:-2965(1)/14-1-2015 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- सचिव, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली।
2- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 वन निगम, लखनऊ/प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव उ0प्र0 लखनऊ।
3- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद/केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0, लखनऊ।
5- वन अनुभाग-4
6- सम्बन्धित सहायक समीक्षा अधिकारी, वन अनुभाग-1 को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0वी0 सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in